समाचार

गांधी दर्शन को आत्मसात कर लाया जा सकता है व्यापक सामाजिक आर्थिक बदलाव–कलेक्टर

(जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में गांधी विचार पदयात्रा का हुआ भव्य आयोजन)

कोरबा 17 अक्टूबर 2019 –कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने कहा है कि महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन को आत्मसात कर व्यापक रूप से सकारात्मक सामाजिक, आर्थिक बदलाव लाए जा सकते हैं। गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपने जीवन के सबसे महान लक्ष्य को प्राप्त किया तथा देश को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होने कहा कि गांधी जी के विचारों, उनके सिद्धांतों को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है, हम उनके इन विचारों को जन–जन तक पहुंचाएं, यही इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

उक्त बातें कलेक्टर श्रीमती कौशल ने घंटाघर में आयोजित गांधी विचार पदयात्रा समारोह के दौरान कही। महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में गांधी विचार पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय से प्रातः 7 बजे गांधी विचार पदयात्रा प्रारंभ हुई, जो कोसाबाड़ी चौक, सुभाष चौक होते हुए घंटाघर पहुंचकर एक सभा के रूप में परिवर्तित हुई। कलेक्टर

कार्यालय में कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र सिंह मीणा, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री एस. जयवर्धन, आयुक्त श्री राहुल देव एवं वन मण्डलाधिकारी श्री रघुनाथन ने हरी झण्डी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। घंटाघर में आयोजित पदयात्रा समारोह का कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया तथा अपने उद्बोधन में आगे कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का यह उद्देश्य है कि महात्मा गांधी जी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाया जाए, उनके जीवन दर्शन व सिद्धांतों से आमजन परिचित हों। उन्होने कहा कि यदि हम गांधी जी के जीवन दर्शन के कुछ अंश भी ग्रहण कर लें तो हम बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

गांधी जी का जीवन मानवता से परिपूर्ण– इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन मानवता से परिपूर्ण था, उनका जीवन दर्शन एवं सिद्धांत विश्वव्यापी हैं, जिसकी प्रासांगिकता हर समय में है। उन्होने कहा कि गांधी जी के विचारों को अपनाने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होंगे तथा अनेक समस्याओं का समाधान अपने आप हो जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री एस. जयवर्धन ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा का मार्ग गांधी दर्शन का महत्वपूर्ण अंग है, हम गांधी जी के महान व्यक्तित्व का कुछ अंश भी ग्रहण करे, तो निश्चित रूप से व्यापक बदलाव संभव हैं। वन मण्डलाधिकारी श्री रघुनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी के सपने को पूरा करने के लिए हम सभी को कार्य करना होगा, आज निश्चित रूप से यहां पर बहुत सराहनीय कार्यक्रम हुआ है तथा इसके माध्यम से लोगों तक गांधी जी के विचार पहुंचेंगे, लोगों को प्रेरणा मिलेगी।

अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के कल्याण का कार्य करें– इस अवसर पर आयुक्त श्री राहुल देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब जिला स्तरीय गांधी विचार पदयात्रा के पावन कार्य के लिए यहां एकत्रित हुए हैं, जिसकी मूलभावना है कि हम गांधी जी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाएं। उन्होने कहा कि गांधी दर्शन का एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि हम अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे तथा उनके कल्याण के लिए कार्य करें। महात्मा गांधी जी के पद चिन्हों पर चलकर, उनके विचारों को अपनाकर हम निश्चित रूप से बहुत बड़ा बदलाव समाज में ला सकते हैं। आयुक्त श्री राहुल देव ने आगे बताया कि गांधी विचार पद यात्रा आगामी 24 अक्टूबर तक सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में जारी रहेगी तथा विभिन्न जोनों में पहुंचकर गांधी जी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाएगी।

गांधी विचार लाईब्रेरी रथ को किया रवाना– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इस मौके पर एक अभिनव कदम उठाते हुए गांधी दर्शन एवं उनके विचारों व सिद्धांतों को उद्घाटित करने वाले साहित्य से परिपूर्ण गांधी विचार लाईब्रेरी रथ को तैयार किया गया है, जो शहर में भ्रमण कर आमजन तक गांधी जी के विचारों को पहुंचाएगा। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं उपस्थित अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर गांधी विचार लाईब्रेरी रथ को रवाना किया। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किया तथा आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान गांधी जी के जीवन दर्शन, कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित निगम द्वारा प्रयोजित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

गांधी विचार पदयात्रा एवं समारोह के दौरान अपर कलेक्टर प्रियंका महोबिया, श्री नौरोजी, एस.डी.एम. सुनील नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, पार्षद मनहरण लाल राठौर एवं मनीष शर्मा सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम कोरबा एवं जिले के विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।